भारत – सेंट विन्सेंट एवं ग्रेनेडिन्स संबंध

भारत और सेंट विंसेंट एवं ग्रेनेडाइंस के बीच कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घनिष्ठ और सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। सेंट विन्सेंट एवं ग्रेनेडिन्स के प्रधानमंत्री डा. राल्फ गोंसाल्वेस ने यू एन जी ए बैठक के दौरान अतिरिक्त समय में न्यूयार्क में 24 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विकास पर चर्चा की तथा भारत और सेंट विन्सेंट एवं ग्रेनेडिन्स के बीच परंपरागत रूप से मौजूद मधुर एवं घनिष्ट संबंधों पर संतोष व्यक्त किया।

भारत ने दिसंबर, 2013 में भयंकर बाढ़ के बाद समुत्थान एवं पुनर्वास के लिए मदद के रूप में 500,000 अमरीकी डालर का नकद डोनेशन सौंपा था। इससे पहले दिसंबर, 2010 में भारत ने हरिकेन टोमास के बाद समुत्थान एवं पुनर्वास के लिए 500,000 अमरीकी डालर का नकद डोनेशन दिया था।

आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत, वर्ष 2015-16 के लिए 10 छात्रवृत्तियां आवंटित की गई हैं।

भारत तथा सेंट विन्सेंट एवं ग्रेनेडिन्स के बीच द्विपक्षीय व्यापार :

सेंट विन्सेंट एवं ग्रेनेडिन्स को निर्यात

2011 – 12	0.61 मियिलन अमरीकी डालर
2012 – 13	0.35 मियिलन अमरीकी डालर
2013 – 14	1.84 मियिलन अमरीकी डालर
2014-15	0.76 मियिलन अमरीकी डालर
2015 – -16 (सितंबर, 2015 तक)	0.32 मियिलन अमरीकी डालर

भारतीय निर्यातों में वस्त्र, लौह एवं इस्पात और कगाज शामिल हैं।

भारतीय समुदाय

भारत मूल के लगभग 3000 व्यक्ति ऐसे हैं जो संविदा श्रम के रूप में 19वीं शताब्दी में सेंट विन्सेंट एवं ग्रेनेडाइंस आए थे। उनमें से अधिकतर अब स्थानीय आबादी के साथ मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं तथा उन्होंने सेंट विन्सेंट एंड ग्रेनेडाइंस इंडियन हेरिटेज फाउंडेशन की स्थापना की है। इस फाउंडेशन के प्रयासों की वजह से 1 जून को सेंट विन्सेंट में भारतीय आगमन दिवस के रूप में घोषित किया गया है और 7 अक्टूबर को भारतीय विरासत दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

उपयोगी संसाधन :

भारतीय दूतावास, पैरामारिबो की वेबसाइट :
http://indembassysuriname.com
भारतीय दूतावास, पैरामारिबो का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/IndiaInSuriname?fref=ts
भारतीय दूतावास, पैरामारिबो ट्विटर लिंक :
@IndEmbSur

*****

जनवरी, 2016